# मुख्यमंत्री ने महाकाल महोत्सव का किया शुभारंभ

- नंदी हाल में डॉ. यादव ने लगाया ध्यान
- भजनों पर झूम उठी महाकाल की नगरी

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन, ,14 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रीमहाकाल महालोक उज्जैन में पाँच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया.**

इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का डमरू वादन के माध्यम से स्वागत सत्कार किया गया. महाकाल भक्त निवास निर्माण के तहत ऑनलाइन वेबसाइट सीएसआर पोर्टल का भी शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया.

## 18 तक होंगे कई आयोजन

18 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में श्रीमहाकाल महालोक और त्रिवेणी संग्रहालय के प्रांगण में कला, संगीत और वैचारिक विमर्श का अनूठा संगम दिखाई देगा. डॉ यादव शाम 7:00 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे, सपत्नीक बाबा महाकाल के दर्शन पूजन करते हुए नंदी हाल में ध्यान लगाया. आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनकी धर्मपत्नी सीमा यादव के विवाह की वर्षगांठ भी थी. विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर के आयोजन गतिविधियों से लेकर लाइव दर्शन व प्रसारण के तहत एक आधिकारिक नई वेबसाइट मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बनाई गई है, जिसका लोकार्पण भी मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किया. साथ ही एक एपिसोड भी मंदिर को लेकर निर्मित किया जा रहा है जिसका टीजर भी डॉ यादव ने लांच किया.



### 5 दिनों तक बहेगी संगीत सरिता

सम्राट विक्रमादित्य के काल में भी महाकाल महोत्सव 2000 वर्ष पूर्व होता आया है ।उसी के आधार पर परंपरा अनुसार यह आयोजन जो मकर संक्रांति से प्रारंभ हुआ है यह प्रतिवर्ष किया जाएगा जो उज्जैन के वैभव को देश और दुनिया के मानचित्र पर स्थापित करेगा। महोत्सव की मुख्य सभाओं में देश के ख्यातिलब्ध कलाकार भगवान शिव की आराधना अपनी स्वर-लहरियों से करेंगे। 14 जनवरी- महोत्सव के पहले दिन सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक शंकर महादेवन अपने पुत्रों सिद्धार्थ और शिवम् के साथ शिवोऽहम् की संगीतमय प्रस्तुति दी।

**आज शिव थीम पर प्रस्तुति :** मुम्बई का प्रसिद्ध 'द ग्रेट इंडियन क्वायर' 'शिवा' थीम पर प्रस्तुति देगा। वही 16 जनवरी को सुप्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा अपनी संगीत यात्रा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। 17 जनवरी को इंदौर के श्रेयश शुक्ला एवं मुम्बई के विपिन अनेजा व उनके बैंड द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति होगी।

# मध्यप्रदेश में बर्फीली हवाओं का दौर जारी

## उत्तरी जिलों में कोहरा और कंपकंपी जारी



**भोपाल, 14 जनवरी. मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है, लेकिन प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में घने कोहरे से राहत मिली है.**

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, प्रदेश के अधिकांश जिलों में धूप खिलने से दिन का तापमान सामान्य है, जबकि भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में मध्यम कोहरा छाया हुआ है. उत्तरी और विंध्य क्षेत्रों में बर्फीली हवाओं के कारण ठंड और अधिक महसूस की जा रही है. बीती रात सबसे ज्यादा ठंड कटनी जिले के करौंदी में दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा. सतना में 5.3 डिग्री, नौगांव 5.5 डिग्री, पचमढ़ी 5.8 डिग्री, खजुराहो 6 डिग्री, दतिया 6.2 डिग्री, मंडला-राजगढ़ 6.4 डिग्री और रीवा 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए गए. बड़े शहरों में न्यूनतम तापमान ग्वालियर 6.5 डिग्री, इंदौर और जबलपुर में 9.5 डिग्री, भोपाल 10.2 डिग्री और उज्जैन 11 डिग्री सेल्सियस रहा.

यानी बड़े शहरों में ठंड थोड़ी कम महसूस हुई, लेकिन उत्तरी और मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्रों में कंपकंपी का दौर जारी है. पिछले 24 घंटों के दौरान, प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ, हालांकि भोपाल, नर्मदापुरम और उज्जैन संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6° डिग्री से 2.1° डिग्री अधिक रहा. नर्मदापुरम संभाग में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.1° डिग्री अधिक दर्ज किया गया. वर्तमान में पूर्वोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं 204 किमी/ घंटा की गति से बह रही हैं.

## पेज एक का शेष...

### डबल इंजन सरकार से विकास को गति...

इस तरह की अन्य योजनाएं भी हैं. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पीएमजी और प्रगति पोर्टल से पुरानी प्रणाली को जड़ से खत्म कर असंभव दिखने वाली परियोजनाओं को साकार किया है. अब विकास के साथ आवश्यकताओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है. पीएम 'प्रगति' और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप के माध्यम से मध्यप्रदेश में ऐसा ईको-सिस्टम तैयार हो चुका है, जहां केंद्र और राज्य सरकार मिलकर आधुनिक तकनीक के बल पर अधोसंरचना विकास की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय पर पूरा कर रही हैं. डॉ. यादव ने तेलंगाना राज्य से जुड़ा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि राज्यों के बीच राजनैतिक दृष्टि से भले ही दलों में मतभिन्नता हो, लेकिन राष्ट्र के विकास की दृष्टि से सभी राज्यों का महत्व है. 'प्रगति' पोर्टल से देश के विकास में भू-गर्भ संपदा का दोहन देशहित में अधिक प्रभावी तरीके से होगा. मुख्य सचिवजैन ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि प्रगति प्लेटफार्म की शुरूआत 25 मार्च 2015 को हुई थी. प्रधानमंत्री मोदी ने शुभारंभ अवसर पर कहा था, 'आज पूरा विश्व भारत को बड़ी उत्सुकता से देख रहा है. ऐसे समय में यह अत्यंत आवश्यक है कि भारत की शासन-व्यवस्था और अधिक प्रभावी, और अधिक संवेदनशील बने. इसी दिशा में 'प्रगति पोर्टल' महत्वपूर्ण कदम है.' प्रगति की 50वीं बैठक 31 दिसंबर 2025 को सम्पन्न हुई.

# मैं नहीं जानता कि दिग्विजय क्या चाहते हैं : सिंधिया

**ग्वालियर, 14 जनवरी. केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के राज्यसभा चुनाव न लड़ने के बयान पर तंज कसा है.**

सिंधिया ने कहा कि जब मैं कांग्रेस में था तब भी मैं नहीं जानता था कि दिग्विजय सिंह क्या चाहते हैं और अब मैं बाहर हूं तो मैं कैसे जानूंगा कि वह क्या चाहते हैं? सिंधिया बुधवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे. दिग्विजय सिंह द्वारा वर्तमान कार्यकाल पूरा होने पर राज्यसभा न जाने की इच्छा जाहिर किए जाने के सवाल पर सिंधिया ने कहा कि यह उनकी और कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी बात है. उन्होंने कहा, मैं इस पर क्या



टिप्पणी करूं? मैं क्या जानूं वह क्या चाहते हैं? जब मैं कांग्रेस में था तब भी मैं नहीं जानता था कि दिग्विजय सिंह क्या चाहते थे और अब मैं बाहर हूं तो मैं कैसे जानूंगा कि वह क्या चाहते हैं? वहीं, बीते दिनों दिग्विजय सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की तारीफ किए जाने पर सिंधिया ने कहा कि देर आए पर दुरुस्त आए, यह अच्छी बात है. राहुल गांधी के 17 तारीख को इंदौर दौरे के सवाल पर सिंधिया ने कहा कि वह जरूर जाएं, इसमें कोई कठिनाई नहीं है, यह प्रजातंत्र है.

# बूथ चलो, गांव चलो अभियान हुआ तेज

**चाचौड़ा, 14 जनवरी. कांग्रेस के 'बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान के तहत चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रानीखेजरा में ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया गया.**

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे. नेताओं ने कहा कि यह अभियान पार्टी को बूथ और गाँव स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति के गठन से संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलेगी और आमजन से सीधा संवाद स्थापित होगा. कार्यक्रम




के दौरान कार्यकर्ताओं से आगामी समय में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया.

# भागीरथपुरा में नए 27 मरीज भर्ती, 8 आईसीयू में

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 14 जनवरी. भागीरथ पुरा प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य हालात को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है. अभियान स्वास्थ्य वर्धन के तहत बुधवार को क्षेत्र में हेल्थ कैंप लगाया गया, वहीं अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है.**

- स्थिति नियंत्रण में, कोई मरीज वेंटिलेटर पर नहीं
- 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई

फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी भी मरीज को वेंटिलेटर पर नहीं रखा गया है. भागीरथपुरा क्षेत्र में 14 जनवरी बुधवार को अभियान स्वास्थ्य वर्धन के अंतर्गत इंडेक्स आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के सहयोग से हेल्थ कैंप आयोजित किया. कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी पहुंचे और विभिन्न बीमारियों का उपचार कराया. जांच के दौरान एक मरीज डायरिया से पीड़ित पाया, जिसे तत्काल भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया, जहां उसका उपचार किया. वहीं भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डायरिया की शिकायत लेकर तीन मरीज पहुंचे. सभी का मौके पर ही इलाज किया. किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं पाई गई और किसी को भी रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ी.

मरीजों के परिवहन के लिए मौके पर दो एम्बुलेंस तैनात रखी गई है. जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और मजबूत की गई हैं. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में दो एम्बुलेंस लगातार तैनात की गई हैं और 24म7 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है. जरूरत पड़ने पर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल में रेफर किया जा रहा है.

निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को भी निशुल्क जांच और दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा दिए हैं. समाचार लिखे जाने तक की स्थिति में विभिन्न अस्पतालों में कुल 440 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं, जिनमें से 413 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं. वर्तमान में 27 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं. इनमें से 8 मरीज आईसीयू में उपचाररत हैं, जबकि किसी भी मरीज को वेंटिलेटर पर नहीं रखा गया है.


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

**निविदा संख्या. SandT-RTM-25-Tele-16 दिनांक: 12.01.26.** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिये E-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग "रतलाम डिवीजनः एनालॉग 25-वॉट VHF सेट को डिजिटल VHF सेट से बदलना और अपग्रेड करना।" **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 66,64,434.24/- (रुपये छियासठ लाख चौंसठ हज़ार चार सौ चौंतीस और चौबीस पैसे). **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य. **बयाना राशि:** ₹ 1,33,300.00. **कार्य पूरा करने की अवधि:** : आठ (08) महीने. **E-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 06/02/2026 समय 15.00 बजे तक. **E-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 06/02/2026 समय 15.30 बजे के बाद. **वैधता:** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन. यह टेंडर https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS Portal पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-tendering में भाग ले सकते है। सभी संबंधित दस्तावेज e-tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे।

DE/6/1/411

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly



**इंडियन बैंक | Indian Bank | इलाहाबाद | ALLAHABAD**

**इंडियन बैंक**
**माता मंदिर शाखा : भोपाल**

**अनुच्छेद - IV { नियम-8 (1) } कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

यथतः इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13 (12) के नियम 8 एवं 9 के साथ प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग करते हुए खातों के सम्मुख अंकित दिनांक को देनदारों तथा जमानतदारों और संपत्ति मालिक को मांग सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसमें उन्हें नोटिस में अंकित राशि एवं उस पर ब्याज की राशि को नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 एवं 9 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया है।

उधारकर्ताओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए इंडियन **इंडियन बैंक, माता मंदिर शाखा, भोपाल** के अधीन होगा। ऋणियों एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | चल / अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणी/जमानतदार-<br>1. **मेसर्स ओन्टो जीन नेटवर्क**<br>2. श्री अविराज अशोक जैन पुत्र अशोक जैन,<br>3. श्री अमिताभ अनुरागी पुत्र महेंद्र कुमार जैन<br>4. श्रीमती ममता जैन पत्नी महेंद्र कुमार जैन<br>5. श्री अशोक कुमार जैन पुत्र स्व.श्री बाबूलाल जैन | 18.09.2025<br>14.01.2026<br>₹ 12,55,958/-<br>+दिनांक 14.10.2025 ब्याज एवं अन्य खर्च | **फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट नं. 404, चौथी मंजिल, 'आदिनाथ अपार्टमेंट' का भवन स्थित प्लॉट नं. ए-317, सिलिकॉन सिटी, ग्राम निहालपुर, मुंडी तहसील एवं जिला इंदौर, म.प्र. क्षेत्रफल-622.58 वर्गफुट चर्तुसीमाएँ:** पूर्व- पैसेज और फ्लैट नं. 405, पश्चिम- खुला क्षेत्र, उत्तर- खुला क्षेत्र, दक्षिण- फ्लैट नं. 403 |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 14/01/2026 — प्राधिकृत अधिकारी, (इंडियन बैंक)







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60